# झारखण्ड लोक सेवा आयोग

सर्कुलर रोड, राँची – 834001

## विज्ञापन

| ऑनलाईन (Online) आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि–14.07.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक | विज्ञापन संख्या–18/2023 |
|---|---|

### झारखण्ड राज्य के स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अन्तर्गत खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी के पद पर नियुक्ति परीक्षा

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड के पत्रांक–37(16), दिनांक–06.02.2020 एवं पत्रांक–19(16), दिनांक–30.01.2023 के द्वारा खाद्य सुरक्षा सेवा के अन्तर्गत खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी के पद पर नियुक्ति हेतु प्रेषित अधियाचना के अनुरूप संसूचित रिक्तियों के आधार पर इच्छुक अर्हताधारी भारतीय नागरिकों से विहित प्रपत्र में ऑनलाईन (Online) आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है। ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु विस्तृत दिशा–निर्देश झारखण्ड लोक सेवा आयोग के वेबसाईट www.jpsc.gov.in पर उपलब्ध है।

1. (i) पद का नाम– खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी

   (ii) विभाग द्वारा अधियाचित कोटिवार रिक्त पदों की संख्या निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | पद का नाम | कुल पद | कोटिवार रिक्तियाँ | | | | | | क्षैतिज आरक्षण के अन्तर्गत प्रवर्ग कोटि का विवरण | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | | दिव्यांग | | |
| | | | अनारक्षित | अ0ज0जा0 | अ0जा0 | अ0पि0व0(अनु0–I) | पि0व0 (अनु0–II) | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | आदिम जनजाति | महिला | खेल कूद | दृष्टि निःशक्त (क) | श्रवण निःशक्त (ख) | चलन निःशक्त (ग) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 1. | खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी | 56 | 22 | 14 | 06 | 05 | 03 | 06 | 00 | 03 | 02 | 01 | 01 | 01 |

(नोट:–कोटिवार रिक्तियों की संख्या घट–बढ़ सकती है।)

2. वेतनमान – **PB-II- 9,300-34,800 (Grade Pay – 5,400)**
3. पद – स्थायी (Group-ख)
4. परीक्ष्यमान अवधि – 2 (दो) वर्ष
5. अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता एवं अर्हत्ता :–

   (i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से खाद्य प्रौद्योगिकी या डेयरी प्रौद्योगिकी या जैव प्रौद्योगिकी या तेल प्रौद्योगिकी या कृषि विज्ञान या पशु चिकित्सा विज्ञान या जैव रसायन विज्ञान या सूक्ष्म जीव विज्ञान में या मेडिसीन में डिग्री या रसायन विज्ञान में मास्टर डिग्री।

